# कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, खगड़िया।

अनुमंडल कार्यालय परिसर, खगड़िया 851204
E-mail ID – deokhagaria.edn@gmail.com

पत्रांक.....10....... /

प्रेषक,

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
खगड़िया।

सेवा में,

प्राचार्य,
सभी अंगीभुत महाविद्यालय, जिला–खगड़िया,
प्रधानाध्यापक / प्रभारी प्रधानाध्यापक,
सभी सरकारी / सरकारी सहायताप्राप्त एवं निजी निबंधित प्रारंभिक एंव माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय, जिला–खगड़िया

खगड़िया / दिनांक....05 - 01 - 2026

विषयः– द इंडियन मैथमेटिक्स एण्ड साईस एसोसिएशन द्वारा आयोगजित आर्यभट्ट टाईलेन्ट सर्च टेस्ट इंन मैथमेटिक्स एण्ड साईस (ATSTMS–2026) प्रतियोगिता परीक्षा में छात्रों की सहभागिता के सबंध में।

प्रसंगः– सचिव, द इंडियन मैथमेटिक्स एण्ड साईस एसोसिएशन (IMSA), पटना के पत्रांक 71 दिनांक 30.12.2025।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के द्वारा द इंडियन मैथमेटिक्स एण्ड साईस एसोसिएशन के तत्वाधान में कक्षा 06 से 12 तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के छात्रों के लिए अखिल भारतीय स्तर पर "आर्यभट्ट टाईलेन्ट सर्च टेस्ट इंन मैथमेटिक्स एण्ड साईस" प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।

इस प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए छात्र / छात्रा ऑनलाईन (Online) **पंजीकरण दिनांक 10.02.2025 तक** वेबसाईट www.imsaindia.org के माध्यम से करेगें। इस प्रतियोगिताा परीक्षा में आवेदन करने हेतु छात्र / छात्राओं से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जा रहा है। यह प्रतियोगिता परीक्षा पूर्णतः **निःशुल्क** है।

अतः वर्णित परिपेक्ष्य में अनुरोध है कि अपने विद्यालय / महाविद्यालय में अध्ययनरत **कक्षा 06 से 12वीं तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर** स्तर के छात्र / छात्राओं को विषयांकित प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए **ऑनलाईन (Online)** पंजीकरण करने हेतु अपने स्तर से प्रेरित करना चाहेगें, ताकि अधिक से अधिक छात्र / छात्राएँ इस प्रतियोगिता परीक्षा हेतु आवेदन कर सकें।

विश्वासभाजन

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
05.1.26 खगड़िया।

ज्ञापांक......10........../खगड़िया/दिनांक....05.01.2026

प्रतिलिपि :– सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, जिला–खगड़िया को सूचनार्थ प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि अपने प्रखंडाधीन सभी विद्यालय एवं महाविद्यालय के प्राचार्य/प्रधानाध्यापक को इस आशय की सूचना अपने स्तर से भी प्रेषित किया जाए।

प्रतिलिपि :– सचिव, द इंडियन मैथमेटिक्स एण्ड साईस एसोसिएशन (IMSA), पटना को पत्रांक 71 दिनांक 30.12.2025 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

05.01.2026

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
खगड़िया।

05.1.26

Scanned with OKEN Scanner